भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त परिषद)

# भा.वा.अ.शि.प.
# वानिकी समाचार

हरित भविष्य के लिए सतत वन और समुदाय सशक्तिकरण

अनुसंधान | नवोन्मेष | विस्तार | साझेदारी

अप्रेल 2026 वर्ष 18 सं. 04

## जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) विशेषज्ञ दल का दौरा

- जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) के विशेषज्ञ डॉ. नाओहोटो मात्सुई और डॉ. शलभ भारद्वाज ने दिनांक 28 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.—वन उत्पादकता संस्थान, रांची का दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य ज्ञान एवं अनुभवों का आदान—प्रदान, प्रक्रियाधीन पहलों की समीक्षा, विशेष रूप से आक्रामक प्रजातियों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना तथा सतत विकास, क्षमता निर्माण और तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं का अन्वेषण करना था। विशेषज्ञ दल ने संस्थान के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्रों के साथ विचार—विमर्श किया तथा अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं से प्राप्त अनुभवों और सर्वोत्तम कार्य—पद्धतियों को साझा किया। इस दौरे से संस्थान को मूल्यवान अनुभव एवं वैश्विक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ तथा जेआईसीए के साथ संस्थागत संबंध और अधिक सुदृढ़ हुए, जिससे भविष्य में संयुक्त प्रयासों एवं सहयोगात्मक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण आधार सिद्ध होगी।

## अनुक्रमणिका


| अनुक्रमणिका | पृष्ठ सं. |
|---|---|
| जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) विशेषज्ञ दल का दौरा | 01 |
| महत्वपूर्ण शोध निष्कर्ष | 02 |
| परामर्शी | 02 |
| कार्यशालाएँ/संगोष्ठियाँ/बैठकें | 02 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 03 |
| जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम | 05 |
| मिशन लाईफ | 07 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 08 |
| वन विज्ञान के तहत गतिविधियां | 09 |
| समझौता ज्ञापन | 09 |
| रेडियो वार्ता | 09 |
| विविध | 10 |
| मानव संसाधन समाचार | 11 |
| प्रकाशन | 12 |











भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची में जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी के विशेषज्ञों का दौरा

## महत्वपूर्ण शोध निष्कर्षण

**भा.वा.अ.शि.प.- वन उत्पादकता संस्थान, रांची**

- *मेलिया डुबिया* एवं *फ्लेमिंगिया सेमिअलाटा* की किस्मों के विमोचन हेतु क्षेत्रीय किस्म परीक्षण समिति (आरवीटीसी) की बैठक दिनांक 23 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची में आयोजित की गई। समिति ने *मेलिया डुबिया* एवं *फ्लेमिंगिया सेमिअलाटा* के कृतंको की प्रविष्टियों की अनुशंसा की तथा उन्हें किस्म विमोचन समिति के समक्ष विमोचन हेतु प्रस्तावित किया।

**भा.वा.अ.शि.प.-उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर**

- क्षेत्र– IV में कैसुआरिना संकर कृतंको के विमोचन हेतु क्षेत्रीय किस्म परीक्षण समिति (आरवीटीसी) की बैठक दिनांक 27 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में आयोजित की गई। समिति ने कैसुआरिना संकर कृतंको की प्रविष्टियों की अनुशंसा की तथा उन्हें विमोचन हेतु उन्हें किस्म विमोचन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।

## परामर्शी

**भा.वा.अ.शि.प.-वन उत्पादकता संस्थान, रांची**

- सीसीएल, सीआईएल, रांची द्वारा मगध ओसीपी खदान (मगध एवं संगमित्रा क्षेत्र, सीसीएल, रांची) के भारी मात्रा में खनन प्रभावित क्षेत्र के मियावाकी वृक्षारोपण के माध्यम से पारिस्थितिक पुनर्स्थापन हेतु परामर्शी परियोजना भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची को प्रदान की गई।

## कार्यशालाएँ/संगोष्ठियाँ/बैठकें

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | | |
| 01 | वनाग्नि प्रबंधन पर संगोष्ठी | 29 अप्रैल 2026 | भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियों एवं शोधकर्ताओं सहित 25 प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.-वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | | |
| 02 | क्षेत्रीय किस्म परीक्षण समिति (आरवीटीसी) की बैठक | 23 अप्रैल 2026 | भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के सभी वैज्ञानिक एवं अधिकारी। |



भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला में वनाग्नि प्रबंधन पर संगोष्ठी



भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची में क्षेत्रीय किस्म परीक्षण समिति की बैठक

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 03 | क्षेत्र–IV में कैसुआरीना संकर कृतंको के विमोचन हेतु क्षेत्रीय किस्म परीक्षण समिति की बैठक | 27 अप्रैल 2026 | भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर के वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं सहित 25 प्रतिभागी |
| | **भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू** | | |
| 04 | अग्निरोधी (फ्लेम रिटार्डेंट) परतन पर बैठक | 16 अप्रैल 2026 | जर्मनी के ब्राउनश्वाइग स्थित वुड रिसर्च, विल्हेम–क्लाउडिट्ज़ संस्थान के शोधकर्ताओं एवं अधिकारियों सहित 08 प्रतिभागी |
| 05 | जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) के माध्यम से संभावित वित्तपोषण एवं सहयोग पर बैठक | 17 अप्रैल 2026 | जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी जापान के शोधकर्ताओं एवं अधिकारियों सहित 13 प्रतिभागी |
| 06 | सीईडी 20 – भारतीय मानक ब्यूरो (पी1 एवं पी2) का तृतीय संयुक्त पैनल बैठक | 29 अप्रैल 2026 | वैज्ञानिकों, उद्यमियों, उपयोगकर्ताओं एवं तकनीकीविदों सहित 20 प्रतिभागी |

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 01 | काष्ठ परतन | 20 से 24 अप्रैल 2026 | विभिन्न शैक्षणिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों के 23 प्रतिभागी |




काष्ठ परतन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 01 | छत्तीसगढ़ के कोरबा, सरगुजा सर्किल, मैनपाट और गरियाबंद में साल के वनों में साल अंतःकाष्ठ वेधक (*हॉप्लोसेराम्बीक्स स्पिनिकोर्निस*) का एकीकृत प्रबंधन (3 प्रशिक्षण) | 18, 19 और 30 अप्रैल 2026 | छत्तीसगढ़ के कोरबा, सरगुजा सर्किल, मैनपाट और गरियाबंद के वन विभाग के 90 अग्रिम पंक्ति कर्मचारी |



छत्तीसगढ़ के कोरबा, सरगुजा सर्किल, मैनपाट और गरियाबंद के साल वनों में साल अंत:काश्ठ वेधक (हॉप्लोसेराम्बीक्स स्पिनिकोर्निस) के एकीकृत प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.-वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03 | वृक्ष सुधार | 27 से 30 अप्रैल 2026 | राज्य वन विभाग के 25 प्रतिभागी |




वृक्ष सुधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.-काष्ठ विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04 | प्लाइवुड निर्माण तकनीक | 20 अप्रैल से 20 मई 2026 | बेंगलुरु से उद्यमियों एवं स्नातक नवप्रवेशियों सहित 7 प्रतिभागी |
| 05 | काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 27 से 30 अप्रैल 2026 | तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित केंद्रीय अकादमी राज्य वन सेवा से राज्य वन सेवा के 64 प्रशिक्षु अधिकारी |



काष्ठ विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विषय पर प्रशिक्षण कार्सक्रम

## जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- दिनांक 16 एवं 21 अप्रैल 2026 को दून विश्वविद्यालय, यूपीईएस तथा माया देवी विश्वविद्यालय के छात्रों ने वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून का दौरा किया। इस अवसर पर छात्रों को संस्थान की विविध अनुसंधान गतिविधियों का विस्तृत परिचय कराया गया। उन्हें वानिकी विज्ञान तथा सतत् वन प्रबंधन के क्षेत्र में संचालित विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं एवं पहलों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

### भा.वा.अ.शि.प.-उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- दिनांक 02 और 13 अप्रैल 2026 को माता गुजरी महिला महाविद्यालय, जबलपुर तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के 103 प्रतिभागियों ने भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर की आनुवंशिकी पौधशाला का दौरा किया।



रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।

- समाज प्रगति सहयोग संस्था, मेलघाट सरनी (म.प्र.) के 15 किसानों ने दिनांक 13 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्हें पौधशाला तकनीक, वृक्षारोपण, कीटालय तथा संग्रहालय के बारे में जानकारी प्रदान की गई।



समाज प्रगति सहयोग संस्था, मेलघाट सरनी (म.प्र.) के किसानों ने भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय तथा अविनाशिलिंगम इंस्टीट्यूट फॉर होम साइंस एंड हायर एजुकेशन फॉर विमेन, कोयंबटूर के 196 छात्रों ने दिनांक 07 एवं 09 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर स्थित गास संग्रहालय का दौरा किया। दौरे के दौरान छात्रों को वन आनुवंशिक संसाधनों विषय पर एक व्याख्यान भी प्रदान किया गया।



**कोयंबटूर स्थित अविनाशिलिंगम इंस्टीयूट फॉर होम साइंस एंड हायर एजुकेशन फॉर विमेन के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का शैक्षणिक भ्रमण किया**

## भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- जेआईटीए कॉलेज, जोधपुर के 30 छात्रों ने अपने संकाय सदस्यों के साथ दिनांक 13 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प. –शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शीशम कृतंक, नीम पट्टी खाद तथा थार शोभा खेजड़ी के वानिकी मॉडल/मूल्यवान मातृ वृक्ष समूह का अवलोकन किया।

- केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर के 37 प्रतिभागियों ने दिनांक 10 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्हें मृदा एवं जल संरक्षण में वनों की भूमिका, मृदा की नमी संरक्षण तकनीकों, चेक डैम एवं जलाशयों के आसपास उपयुक्त वृक्ष, झाड़ी एवं घास प्रजातियों के चयन तथा वृक्षारोपण तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।



**केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया।**

## भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलूरू

- महारानी लक्ष्मी अम्मानी कॉलेज फॉर विमेन, बेंगलुरु के 50 छात्रों ने अपने संकाय सदस्यों के साथ दिनांक 29 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु का दौरा किया। इस दौरान पादप ऊतक संवर्धन एवं आणविक जीवविज्ञान में अनुसंधान गतिविधियाँ" विषय पर एक व्याख्यान भी आयोजन किया गया।



**महारानी लक्ष्मी अम्मानी महिला महाविद्यालय, बेंगलुरु के छात्रों का भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलूरू का दौरा**

- आर्मी इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन एण्ड डिजाइन, एमईएस कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एण्ड कॉमर्स, नैशनल कॉलेज तथा एसजेआर कॉलेज फॉर वुमन के कुल 119 छात्रों ने दिनांक 2, 7, 10, 22 और 29 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.– काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने संस्थान के काष्ठालय, काष्ठ संग्रहालय, काष्ठ कर्मशाला, तकनीकी प्रदर्शन केंद्र तथा उन्नत काष्ठकला प्रशिक्षण केंद्र का अवलोकन किया और वहाँ संचालित विभिन्न अनुसंधान एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

## भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- दिनांक 30 अप्रैल 2026 को देवी चरण बरूआ बालिका कॉलेज, जोरहाट के 18 छात्रों के लिए एक एक्सपोज़र विज़िट का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को बाँस की खेती, प्रवर्धन, नर्सरी प्रबंधन तथा बाँस संग्रहालय के बारे में जानकारी प्रदान की गई।



**भा.वा.अ.शि.प.– व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा देवी चरण बरूआ बालिका कॉलेज के छात्रों हेतु एक एक्सपोज़र विज़िट का आयोजन**

## मिशन लाईफ

### भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- दिनांक 16 अप्रैल 2026 को "मिशन लाईफ" पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। उन्हें प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के थैलों के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया, जिसमें उनकी सतत्, पुनः उपयोग क्षमता तथा पर्यावरणीय लाभों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।




**भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा "मिशन लाईफ" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

### भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- दिनांक 21 अप्रैल 2026 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बिओलिया में "मिशन लाईफ" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल तथा संतुलित जीवनशैली को अच्छे पोषण के आवश्यक घटकों के रूप में अपनाने के बारे में भी जागरूक किया गया।



**भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बिओलिया में "मिशन लाईफ" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

### भा.वा.अ.शि.प.–जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- दिनांक 15 अप्रैल 2026 को भदुरपल्ली, हैदराबाद के आसपास के क्षेत्र में "स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, सिंगल यूज़ प्लास्टिक में कमी, ई–अपशिष्ट निवारण तथा ऊर्जा संरक्षण" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




**भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.वि.सं., हैदराबाद द्वारा भदुरपल्ली के आसपास के क्षेत्र में "स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, सिंगल यूज़ प्लास्टिक में कमी, ई–अपषिश्ठ में कमी तथा ऊर्जा संरक्षण" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

- भा.वा.अ.शि.प.–तटीय पारितंत्र केंद्र, विशाखापत्तनम द्वारा "ई–अपशिष्ट में कमी, ई–अपशिष्ट विकिरण के हानिकारक प्रभाव तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक में कमी" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 06, 10 एवं 16 अप्रैल 2026 को ऑटो स्टैंड, चिन्ना वॉल्टेयर; आंध्रा विश्वविद्यालय प्रदर्शनी मैदान तथा बीच रोड, विशाखा संग्रहालय के पास आयोजित किया गया।




**भा.वा.अ.शि.प.–टतीय पारितंत्र केंद्र, विशाखापत्तनम द्वारा "ई–अपशिष्ट में कमी" विषय पर विशाखापत्तनम के बीच रोड पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

## प्रकृति कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.-वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- इंटीग्रल योग संस्थान, आर.एस. पुरम, कोयंबटूर के 83 छात्रों और शिक्षकों ने दिनांक 21 अप्रैल 2026 को गास वन संग्रहालय, भा.वा.अ.शि.प.—वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर का दौरा किया।



आर.एस. पुरम, कोयंबटूर स्थित इंटीग्रल योग संस्थान के विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का भ्रमण किया।

### भा.वा.अ.शि.प.-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- दिनांक 22 अप्रैल 2026 को पीएम. केंद्रीय विद्यालय सं. 2 (एएफएस) में नर्सरी स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 31 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें खरपतवार हटाने तथा नर्सरी क्यारियों की सफाई के बारे में भी जानकारी दी गई।



भा.वा.अ.शि.प.-शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा पीएम. केंद्रीय विद्यालय सं. 2 (एएफएस) जोधपुर में नर्सरी स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- यूरो इंटरनेशनल स्कूल के 98 छात्रों तथा शिक्षकों ने दिनांक 28 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.—शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शीशम कृतंकों के वीएमजी, थार शोभा खेजड़ी तथा नीम पत्ती खाद परीक्षण का अवलोकन किया।

### भा.वा.अ.शि.प.-उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- केंद्रीय विद्यालय के 50 छात्रों एवं शिक्षकों ने दिनांक 22 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.—उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा आयोजित "पौध उत्पादन" विषयक कार्यशाला में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह (अवर पावर, अवर प्लानेट)" विषय के बारे में जागरूक किया गया।



भा.वा.अ.शि.प.-उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा "पौध उत्पादन" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- एकलव्य मॉर्डन आवासीय विद्यालय के 46 छात्रों ने दिनांक 1 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.—उ.व.अ.सं., जबलपुर का भ्रमण किया।

### भा.वा.अ.शि.प.-वन उत्पादकता संस्थान, रांची

- दिनांक 2 अप्रैल 2026 को राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पौधशाला स्थापना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को मृदा एवं खाद के मिश्रण की तकनीकी जानकारी, पॉलीबैग तैयार करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न बुवाई विधियों के बारे में भी अवगत कराया गया।




भा.वा.अ.शि.प.-व.उ.सं., रांची द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पौधशाला स्थापना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट**

- दिनांक 28 अप्रैल 2026 को "बांस की खेती, प्रवर्धन, पौधशाला प्रबंधन, मूल्य संवर्धन एवं बांस संरक्षण तकनीक, बांस चारकोल निर्माण, लाख की खेती, कृमीखाद तथा अगर रोपण" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूनिटी क्रिश्चियन स्कूल के 40 छात्रों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने बांस की खेती, प्रवर्धन, पौधशाला प्रबंधन आदि पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

## वन विज्ञान के तहत गतिविधियां

**भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला**

- वन विज्ञान केंद्र, जगतसुख, हिमाचल प्रदेश द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2026 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में औषधीय उद्यान की स्थापना की गई।




वन विज्ञान केंद्र, जगतसुख, हिमाचल प्रदेश द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में औषधीय उद्यान की स्थापना की गई।

## समझौता ज्ञापन

- भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर ने दिनांक 10 अप्रैल 2026 को महाराष्ट्र जीन बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता विदर्भ क्षेत्र के वन आनुवंशिक संसाधनों तथा महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों के मैंग्रोव्स के संरक्षण के लिए किया गया।





भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर और महाराष्ट्र जीन बैंक के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## रेडियो वार्ता

- भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने "चीड के बीजः जनजातीय समुदायों की जीवनरेखा" विषय पर एक रेडियो वार्ता रिकॉर्ड की, जिसका प्रसारण दिनांक 02 अप्रैल 2026 को दूरदर्शन हिमाचल के कृषि जगत कार्यक्रम में किया गया।

- भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट ने "वन से जुड़े विभिन्न आजीविका अर्जन के मार्ग" विषय पर एक रेडियो वार्ता रिकॉर्ड की, जिसका प्रसारण दिनांक 28 अप्रैल 2026 को ऑल इंडिया रेडियो, जोरहाट पर किया गया।




भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने "वन से जुड़े विभिन्न आजीविका अर्जन के मार्ग" विषय पर एक रेडियो वार्ता ऑल इंडिया रेडियो, जोरहाट में रिकॉर्ड की।

# विविध

- दिनांक 08 से 23 अप्रैल 2026 तक भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला; भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु; तथा भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया।







- भा.वा.अ.शि.प.–हिमालनयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला; भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची; तथा भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ. सं., जबलपुर द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2026 को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया।









- दिनांक 14 अप्रैल 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर; भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर; तथा भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती का आयोजन किया गया।


भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं.


भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं.


भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं.

## मानव संसाधन समाचार

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ. नीलम वर्मा,<br>व.त.अ., भा.वा.अ.शि.–शु.व.अ.सं., जोधपुर | 31.04.2026 |
| श्रीमती आर. लक्ष्मी,<br>व.त.अ., भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर | 31.04.2026 |
| श्रीमती एस. मंजुला,<br>नि.स., भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर | 31.04.2026 |

### प्रत्यावर्तन

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ. रेणु सिंह,<br>भा.व.से., निदेशक,<br>भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून | 06.04.2026 |

### पदोन्नति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्रीमती सुमन सखूजा,<br>सहायक, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून<br>अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नत | 02.04.2026 |
| श्रीमती कश्मीरी देवी,<br>सहायक, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून<br>अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नत | 02.04.2026 |
| श्रीमती सुमिता चक्रवर्ती,<br>सहायक, भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची<br>अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नत | 06.04.2026 |

## प्रकाशन

**Research Paper:**

**शोध पत्र**

- चौहान पी., तपवाल ए., मीना एम., हरीश और स्विप्नल पी. (2026)। सतत फफूंदजनित रोग नियंत्रण तथा नैनोप्रौद्योगिकी नवाचारों के लिए खरपतवारों का उपयोग। डिस्कवर प्लांट्स। 3:69।
- कुमार पी. एवं शर्मा एन. (2026)। हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी हिमालयी ओक (क्वेरकस एसपीपी) से संबंधित कीटों की विविधता, वितरण एवं प्रचुरता। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्म साइंसेज़ 16(1): 1–10।
- कुमार पी., जसवाल ए., ठाकुर टी. एस. एवं कुमार एन. एस. (2026)। उत्तर–पश्चिमी हिमालय में वानिकी कीटों के नियंत्रण हेतु स्थानीय प्रजाति *बोएनिंगहौसेनिया एल्बिफ्लोरा* (हुक) के पौधीय अर्क की कीटनाशी क्षमता का अध्ययन। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्म साइंसेज़ 16(1): 50–62।
- तिवारी बी., शर्मा एस., चक्रवर्ती एस., तरुणा टी. एवं शर्मा के. (2026)। *पॉपुलस अल्बा* तथा उसके संकरों में लवणता, सूखा एवं भारी धातु तनाव के प्रति प्रतिक्रिया तंत्रः मॉडल वृक्षों के रूप में अध्ययन। डिस्कवर प्लांट्स 3(1):106।
- तरुणा, शर्मा एस. एवं तिवारी बी. (2026)। हिमाचल प्रदेश से संकलित *पॉलीगोनैटम सिरिफोलियम* जननद्रव्य के आकारिक लक्षणों में परिवर्तनशीलता एवं वंशागति का अध्ययन। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्म साइंसेज़ 16(1): 90–97।
- यामिनी एस., रावत पी. एवं कुमार ए. (2026)। हिमालय में *क्वेरकस ग्लौका थुनबर्ग* का वितरण, पुनर्जनन स्थिति एवं पोषणीय विश्लेषण। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्म साइंसेज़ 16(1): 73–80।
- कुमार एस. बी., ए. एम. कुमार एवं पी. के. नागदेसी (2026)। कर्नाटक, भारत में ऐस्कोमाइसीटस कवकों ज़ाइलेरिया तथा डाल्डिनिया के नए वितरण अभिलेख एवं वर्गिकी (टैक्सोनॉमिक) अध्ययन। जर्नल ऑफ थ्रेटन्ड टैक्सा 18(3): 28510–28523।
- ज़िया ए., ली टी., झोउ एच., फू टी., लियांग ए., पांडे आर., डांग वाई. पी (2026)। पृथ्वी को "विकृत" करना बंद करें ताकि ग्रह "समृद्ध" हो सकेः भू–अवक्रमण को रोककर कार्बन तटस्थता प्राप्त करना। लैंड डिग्रेडेशन एंड डेवलपमेंट, 1–6।
- भोई टी. के., महांता डी. के. और सैनी वी. (2026)। भारतीय शुष्क क्षेत्र में कमिफोरा वाइटी पर नए पोषक पौधे (भ्वेज) के अभिलेख के साथ बाबुल व्हाइटफ्लाई अकौडा लेरोडेसराचिपोरा (सिंह) की आकारिक पहचान, जीवविज्ञान एवं आकारमितीय अध्ययन। नेशनल एकेडमी साइंस लेटर्स, 1–7।

**पुस्तक अध्याय**

- भोई टी. के., गिरी वी., सामल आई., महांता डी. के., राठी ए., कोमल जे. एवं व्यास वी. (2026)। आक्रामक विदेशी प्रजातियों (आईएएस) के रूप में कीटः कृषि–वानिकी के लिए एक खतरा एवं उनका प्रबंधन। उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में जैविक आक्रमणः निगरानी, तंत्र एवं प्रबंधन (पृष्ठ 128–148) में।
- भोई टी. के., व्यास वी., सामल आई., कुमार डी., खान आई., कोमल जे., प्रभुलिंगा टी., अथुल्या आर., सिंह एस. एवं गिरी वी. (2026)। रगोज़ स्पाइरलिंग व्हाइटफ्लाई, *एल्यूरोडिकस रगियोपरकुलैटस* मार्टिन (हेमिप्टेराः एलेरोडिडे): आक्रमण से प्रबंधन तक। उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में जैविक आक्रमणः निगरानी, तंत्र एवं प्रबंधन (पृष्ठ 193–203) में। ESI&CABI श्रृंखलाः एंटोमोलॉजी क्रॉप प्रोटेक्शन।
- भोई टी. के., गिरी वी., सामल आई., महांता डी. के., राठी ए., कोमल जे., प्रभुलिंगा टी., अथुल्या आर., सिंह एस. एवं व्यास वी. (2026)। आक्रामक विदेशी प्रजातियों (IAS) के रूप में कीटः कृषि–वानिकी हेतु एक खतरा एवं उनका प्रबंधन। उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में जैविक आक्रमणः निगरानी, तंत्र एवं प्रबंधन (पृष्ठ 128–148) में। ESI&CABI श्रृंखलाः एंटोमोलॉजी क्रॉप प्रोटेक्शन।

**संरक्षक:**
श्रीमती कंचन देवी, महानिदेषक, भा.वा.अ.शि.प, देहरादून
**संपादक मंडल:**
डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेषक (विस्तार), अध्यक्ष
डॉ. गीता जोषी, सहायक महानिदेषक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक
डॉ. विषजीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सदस्य
**हिन्दी संस्करण:**
श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा), सदस्य
**सहायक:**
श्री प्रिंस, तकनीकी सहायक (मीडिया एवं विस्तार)

**प्रत्याख्यान**
- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाषित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाषित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.षि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।